## एक नजर में

### मानपुर में अज्ञात युवक का शव मिला



इंदौर. मानपुर क्षेत्र के ग्राम भिचौली में मंगलवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला. सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई गई है. पुलिस के अनुसार मृतक का रंग सावला, लंबाई लगभग 5 फीट 5 इंच, शरीर गठीला, बाल काले और घुंघराले हैं. चेहरे पर हल्की दाढ़ी-मूंछ है. बाएं हाथ के अंगूठे पर एच लिखा है, सीने के बाईं ओर अंग्रेजी में संदिप लिखा है. पहनावे में काली टी-शर्ट, काली पैंट और दोनों कानों में तांबे की बालियां हैं. पुलिस ने मृतक की पहचान होने पर थाना मानपुर के मोबाइल नंबर 7049108754, जांचकर्ता त्रिलोक सिंह बरखड़े (मो. 7049107316) पर सूचना देने की अपील की है.

### कॉलोनियों में सुरक्षा को लेकर हुई बैठक



इंदौर. सिंगापुर ग्रीन, द ग्रेट मराठा और ओमेक्स सिटी-1 के शुभांगन में देर रात को कॉलोनीवासियों के साथ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक की. इसमें कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों को चालू हालत में रखने, रात्रिकालीन गार्डों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए, कॉलोनीवासियों ने भी अपने सुझाव साझा किए और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग रखी. बैठक में बीट प्रभारी, बीट आरक्षक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.

### पुलिस का तिरंगा मार्च, नुक्कड नाटक



इंदौर. स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति और स्वच्छता के उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से 11 से 15 अगस्त तक चल रहे 'हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत पुलिस ने कई कार्यक्रम आयोजित किए. पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में डीआरपी लाइन से राजवाड़ा तक तिरंगा मार्च पास्ट किया, जिसमें स्कूल छात्र, खेल विभाग और पीटीसी की महिला पुलिस कर्मियों सहित करीब 1200 लोग शामिल हुए. इसके अलावा, एटमा स्कूल में तिरंगे और देशभक्ति विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर 150 बच्चों को तिरंगे वितरित किए गए. 56 दुकान पर नुक्कड नाटक के जरिए देशभक्ति का संदेश दिया गया, वहीं टीआई मॉल में पुलिस टीम ने लोगों को अभियान की जानकारी देते हुए तिरंगे बांटे और 15 अगस्त को अपने घर पर शान से झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया.

### नगर परिषद महूगांव में तिरंगा यात्रा निकाली



महू. नगर परिषद महूगांव क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो धारनाका शासकीय स्कुल धारनका सें प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये पुन: शासकीय स्कुल धारनाका में समाप्त हुई, जिसमें स्कुल बच्चो ने भी भग लिया तथा संपुर्ण तिरंगा यात्रा में बच्चो ने तिरगा हाथ में लेकर भारत माता की जय के नारे लगाये तिरंगा यात्रा के प्रारंभ में अनुविभागीय अधिकारी डॉ. अम्बेडकर नगर महू राकेश परमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज कुमार दरोठिया, मुख्य नगरपालिका अधिकार न.प. महूगांव चंद्रशेखर सोनिस, न.प. अध्यक्ष नवीन प्रसाद तिवारी, न.प. उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार नगर अध्यक्ष निकोश मुलिक गोविंद शेखावत राहुल द्विवेदी, ईश्वरचंद्र त्यागी, विनिता भलावी, पुजा पंकज श्रीवास, उमेश परिहार, अजय चौधरी, ज्योति दिपक पंडोले, मनीषा जगदीश पाटील, पंकज श्रीवास दिपक पंडोले, नेतलाल भलावी, लाल जी पांडे प्रहलाद राठौर, चतुर्भुज पंवार, सुधीर पांडे निटील शर्मा, श्याम यादव आदि गणमान्य नागरिकों ने स्वछता की शपथ लेकर गर्व सें तिरंगा लगाने का संकल्प लिया.

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर पीएसी की बैठक



महू. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सबसे मजबूत समिति पब्लिक अफेयर कमेटी की बैठक भोपाल के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई. इस बैठक में तय किया गया कि वोट चोरी को लेकर राहुल गांधी के आहवान को जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित किया जाए. इस बैठक में वोटर लिस्ट की हेरा फेरी तथा ईवीएम मशीन की भूमिका को लेकर तथ्यात्मक साक्ष्य प्रस्तुत किए गए. बैठक में प्रदेश सेवादल प्रमुख योगेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा श्री यादव ने जानकारी में बताया कि 14 अगस्त की संध्या 8 बजे संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिलों में सेवादल की ओर से कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा. बैठक में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, सांसद विवेक तंखा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, डॉ गोविंद सिंह आदि नेता उपस्थित हुए.

### अहिल्या उत्सव को लेकर नगर परिषद बैठक आयोजित



देपालपुर. नगर में अहिल्या उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है जिसके चलते अहिल्या उत्सव समिति की बैठक नगर परिषद में सम्पन्न हुई. इसमें समिति अध्यक्ष जगदीश माथुर व सचिव विमल यादव ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी लोकमाता अहिल्या का पुण्य परंपरानुसार मनाया जाएगा जिसमें गाजे बाजे के साथ भव्य पालकी निकाली जाएगी जो शासकीय उत्कृष्ट माध्यम विद्यालय से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कन्याशाला, नरसिंह मंदिर, बाजार चौक मंगलेश्वर महादेव मंदिर में पूर्ण होगी. बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेशपुरी गोस्वामी, दीनदयाल चौबे, सोहनलाल परमार, सुरजसिहं बोडाना, विक्रम पहलवान, पार्षदगण अनिल धाकड़, सोमिल माली, जितेंद्र ठाकुर, रामकरण ठेकेदार, तोसिफ खान, पत्रकार जे.पी. नागर, योगेंद्र यादव, दिलीप यादव समिति सदस्य उपस्थित थे.

### तिरंगे की आकृति में बनाई विभिन्न मिठाइयां

महू. खान कॉलोनी में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें छावनी की परियोजना अधिकारी रेखा शर्मा एवं पर्यवेक्षक वैशाली पाटीदार को आमंत्रित किया गया. परियोजना अधिकारी के द्वारा तिरंगे पर बनाई गई व्यंजनों को एवं प्रदर्शनी को देखा गया प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए मैडम द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा पर समझाइए एवं अपने घरों पर तिरंगा लगने के लिए भी कहा गया समस्त कार्यक्रम सेक्टर 3 के सेक्टर 3 के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित किया गया.

# अर्चना तिवारी का सात दिन से नहीं लगा कोई सुराग

▶ अब जांच का केन्द्र बनी सफेद कार

**इंदौर. कटनी निवासी और इंदौर में सिविल जज की तैयारी कर रही अर्चना तिवारी के लापता होने की गुत्थी सात दिन बाद भी नहीं सुलझी है. आखिरी बार वह भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास देखी गई थी. पुलिस अब छात्रावास के बाहर देखी गई सफेद कार के सुराग पर काम कर रही है.**

ज्ञात हो कि अर्चना तिवारी 7 अगस्त को इंदौर के सत्कार गर्ल्स हॉस्टल से निकली थीं. छात्रावास के रजिस्टर में उन्होंने 17 अगस्त को लौटने का जिक्र किया था. कटनी जाते समय वह नर्मदा एक्सप्रेस के एसी कोच में सवार थीं. उनकी अंतिम लोकेशन रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास



मिली थी, जहां उन्हें उतरते हुए कुछ लोगों ने देखा भी था. ट्रेन में उनका मोबाइल फोन बंद मिला और पूरा सामान बर्थ पर ही था. इससे अपहरण, दुर्घटना या आत्महत्या जैसी आशंकाएं खड़ी हो गई हैं. कटनी जीआरपी में परिजनों की शिकायत के बाद इंदौर जीआरपी और भोपाल रेल पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है.

### भाई ने 51 हजार ईनाम घोषित किया

इस बीच अर्चना के मुंहबोले भाई अमन मिश्रा ने उसकी सुरक्षित वापसी के लिए 51 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है. पुलिस फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कर पा रही कि अर्चना को किसी ने अपहरण किया है, बंधक बनाकर रखा है या वह अपनी मर्जी से कहीं गई है, मामले में जांच की जा रही है.

### तीन टीमों में खंगाले सीसीटीवी फुटेज

भोपाल रेल एसपी राहुल लोढा के नेतृत्व में तीन टीमें इंदौर से भोपाल, जबलपुर, कटनी और उमरिया के बीच सभी रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी हैं. जांच के दौरान छात्रावास के बाहर खड़ी एक सफेद कार का क्लू सामने आया है. सीसीटीवी में यह कार अर्चना के रवाना होने से एक दिन पहले और उससे पहले भी कई बार देखी गई थी. पुलिस का मानना है कि इसी कार के जरिए अर्चना को छात्रावास लाया-ले जाया जाता था. कार का नंबर मिलने के बाद पुलिस को अहम सुराग मिलने की उम्मीद है.

# डकैत अनवर कादरी की बेटी को राहत नहीं

▶ सेशन कोर्ट ने खारिज की जमानत

**इंदौर. फरार कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की मदद के आरोप में गिरफ्तार उसकी बेटी आयशा को सेशन कोर्ट से जमानत नहीं मिली. पुलिस ने उसे 28 जुलाई को दिल्ली से पकड़ा था, जबकि उसका पिता मौके से फरार हो था. तभी से आयशा जेल में बंद है.**

इंदौर पुलिस ने 28 जुलाई को दिल्ली में दबिश देकर आयशा कादरी को गिरफ्तार किया था. आरोप है कि वह अपने फरार पिता अनवर कादरी उर्फ डकैत के साथ रह रही थी और उसकी मदद कर रही थी. दबिश के दौरान अनवर वहां से भाग निकला, जबकि आयशा पुलिस के हत्थे चढ़ गई. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी, जिस पर 5 अगस्त तक की रिमांड मिली.



रिमांड अवधि खत्म होने पर पुलिस ने छह दिन का और समय मांगा, जो अदालत ने मंजूर किया. 11 अगस्त को आयशा ने जमानत अर्जी दायर की, लेकिन सेशन कोर्ट ने 12 अगस्त को इसे खारिज कर दिया. सूत्रों के अनुसार, हाल ही में लव जिहाद मामले में फंडिंग के आरोपों को लेकर अनवर कादरी पर इनाम घोषित किया था. उसकी तलाश में पुलिस ने इंदौर के अलावा महाराष्ट्र में रिश्तेदारों के घरों पर भी दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं आया. जांच में आयशा और अनवर की कॉल डिटेल सामने आई, जिसमें दोनों फर्जी सिम कार्ड के जरिए परिवार से संपर्क कर रहे थे.

# दादा के गुस्से की चपेट में आई पोती की भी टूटी सांसें

▶ दादी को जलाकर दादा ने भी कर ली थी आत्महत्या

▶ कुछ दिनों पहली दादी ने भी तोड़ा था दम

**इंदौर. बारह दिन पहले पारिवारिक विवाद में दादा ने पत्नी को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था. उन्हें बचाने दौड़ी किशोरी पोती भी लपटों में झुलस गई थी. इलाज के दौरान दादी और आरोपी दादा की मौत के बाद अब देर रात पोती ने भी दम तोड़ दिया. यह सनसनीखेज घटनाक्रम 1 अगस्त को निरंजनपुर में शुरू हुआ था और आज उसकी आखिरी कड़ी में तीसरी मौत दर्ज हुई है.**







लसूडिया थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 1 अगस्त की है, जब निरंजनपुर इलाके में रहने वाले रामबाबू ने झगड़े के दौरान पत्नी पानबाई को पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया. दादी को जलता देख पोती 16 वर्षीय पलक उन्हें बचाने दौड़ी, लेकिन वह भी बुरी तरह झुलस गई. दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया था, इसी बीच भीड़ में मौके का फायद उठाकर रामबाबू मौके से भाग निकला. चार दिन बाद यानि 5 अगस्त को उसने लसूडिया क्षेत्र में फोनिक्स टाउनशिप के पास ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली. इसके बाद 6 अगस्त को पानबाई ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था, वहीं देर रात उनकी पोती पलक ने भी अस्पताल में अंतिम सांस ली. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

दोनों मामलों में वाहन चालक फरार

**इंदौर. शहर में मंगलवार रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई. दोनों ही मामलों में वाहन चालक मौके से फरार हो गए. एक घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र के बॉम्बे अस्पताल के पास और दूसरी रावजी बाजार थाना क्षेत्र में हुई, दोनों ही मामलों में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है.**

पहली घटना रात करीब 8 बजे बॉम्बे अस्पताल के पास की बताई जा रही है, यहां पर चिकित्सक नगर में रहने वाले 50 वर्षीय राजू पिता शंकर तायड़े पैदल घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक गिर पड़े. कुछ ही



सेकंड में वहां से गुजरी एक कार ने उन पर आगे का पहिया चढ़ा दिया. चालक यहीं नहीं रुका, उसने गाड़ी आगे बढ़ाकर पिछला पहिया भी चढ़ाया और भाग निकला. राहगीरों ने घायल को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

### घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है,

जिसके आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है. इसी तरह की दूसरी घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र में महल कचहरी के पास घटित हुई. यहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 51 वर्षीय ऑटो ड्राइवर सलीम पिता मुबारिक खान मंसूरी की मौत हो गई. सलीम बाइक से मोती तबेला जा रहे थे, तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. कुछ युवकों ने ऑटो की मदद से उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालें जा रहे हैं.

# रिटायर्ड जस्टिस के घर चोरी मामले में पांच टीमें कर रही जांच

**इंदौर. खुड़ेल थाना क्षेत्र की प्रगति पार्क कॉलोनी में रिटायर्ड जस्टिस रमेश गर्ग के बंगले में हुई चोरी के दो दिन बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी है. वारदात के तरीके से पुलिस को बाग-टांडा और देवास के कंजर गिरोह पर शक है. मामले में पुलिस की टीमें अलग अलग क्षेत्रों पर भेजी गई है.**

घटना रविवार तड़के करीब 4.35 बजे की है. तीन बदमाश बंगले में घुसे, जिनमें से दो सीधे जस्टिस गर्ग के बेटे ऋत्विक के कमरे में पहुंच गए. दूसरे कमरे में उनकी पत्नी और बच्चा भी मौजूद थे. एक बदमाश लोहे की रॉड लिए पलंग के पास खड़ा रहा, जबकि दूसरा बदमाश अलमारी का लॉक तोड़ने में जुट गया. करीब एक मिनट में ताला तोड़कर वे वाउचर और नकदी की गड्डियां ले भागे. करीब 4.40 बजे बदमाश बाउंड्री फांदकर फरार हो गए. बंगला दो एकड़ में फैला है और कॉलोनी का इलाका अपेक्षाकृत सुनसान है. जांच में सामने



आया कि चौकीदार उस समय ड्यूटी पर था, लेकिन वह चक्कर लगाकर आया था और उसे पता ही नहीं चला कि चोर अंदर घुस गए. अलमारी का ताला टूटने पर अलार्म बजने की संभावना पर भी वह अनभिज्ञ रहा. चोरों ने चेहरे पर मास्क, सिर पर गमछा और हाथों में दस्ताने पहने थे, ताकि पहचान और फिंगरप्रिंट न छोड़े जाएं. पुलिस ने पांच टीमें जांच में लगाई हैं एक टीम बाग-टांडा, दूसरी देवास के कंजर गिरोह की तलाश में रवाना हुई है, एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जबकि बाकी टीमें पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड और अन्य सुराग खंगाल रही हैं. मामले में एडीसीपी रुपेश द्विवेदी इन टीमों की कमान संभाल रहे हैं, जबकि एसपी गिचेन डोलकर खुद मॉनीटरिंग कर रही हैं. रिटायर्ड जस्टिस गर्ग ने बताया कि जो भी जानकारी थी, वह पुलिस को दे दी गई है और आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है. पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### फैक्ट्री से तांबे के रॉड और नगदी चोरी

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी से अज्ञात चोर तांबे के रॉड और नगदी चोरी कर ले गया. वारदात रात से सुबह के बीच हुई और घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. 51 वर्षीय फरियादी ब्रजेश रजक निवासी कमला नेहरू नगर ने पुलिस को बताया कि कलामा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मालवा कॉलेज के पास स्थित फैक्ट्री को रात में बंद कर सभी कर्मचारी घर चले गए थे. सुबह आने पर स्टॉक में रखे तांबे के रॉड कम मिले. फुटेज देखने पर एक व्यक्ति सफेद बोरी में रॉड ले जाता दिखा. साथ ही ऑफिस कैबिन के दराज में रखी नकदी भी गायब है. लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# कनाडिया में फिर लुटेरों का हमला, सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक छीनी

▶ पहले भी हो चुकी है वारदात, तब आरोपी दबोचे गए थे

**इंदौर. कनाड़िया क्षेत्र में लुटेरों ने एक बार फिर सिक्योरिटी गार्ड को निशाना बनाया. कल रात तीन बदमाशों ने साइकल से ड्यूटी जा रहे गार्ड की आंख में मिर्ची झोंककर उसकी बंदूक छीन ली और बाइक से फरार हो गए. थाना परिसिमन को देखते हुए घटना खुलैड थाना क्षेत्र में घटित होने से खुलैड पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है.**

दमोह निवासी नितेश दुबे, जो पिछले 6-7 साल से पुष्पराज कॉलोनी के पास रह रहे हैं, प्रगति विहार कॉलोनी में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करते हैं. कल रात करीब 8 बजे वे साइकिल से ड्यूटी जा रहे थे. कनाड़िया तालाब स्थित विद्याधाम स्कूल के पास बाइक पर आए तीन नकाबपोश लुटेरों ने अचानक हमला किया. मिर्ची पाउडर आंख में डालकर उन्होंने गार्ड की बंदूक छीनी और चंद सेकंड में भाग निकले. सूचना मिलते ही कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे. जांच में पता चला कि वारदात का स्थान खुड़ैल थाना सीमा में आता है. इसके बाद पीड़ित को खुड़ैल थाने भेजा गया, जहां उसकी रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया किया. पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. गौरतलब है कि कनाड़िया थाना क्षेत्र में पहले भी गार्ड से बंदूक छीने जाने की वारदात हो चुकी है. उस समय आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गए थे. मौजूदा मामले में भी पुलिस का दावा है कि बदमाशों को जल्द पकड़ लिया जाएगा.

# 7.2 किलो गांजा समेत दो तस्कर गिरफ्तार

### लोखंडे पुलिया पर क्राइम ब्रांच की दबिश

**इंदौर. शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को दबोच लिया. आरोपियों के पास से 7.270 किलो गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त हुई है. गिरफ्तार आरोपियों में से एक पर पूर्व में हत्या का केस दर्ज है.**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगातार निगरानी और कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में टीम को सूचना मिली कि लोखंडे पुलिया के पास दो संदिग्ध युवक नशे के कारोबार में शामिल हैं. पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों आरोपी सरकारी वाहन देखकर घबराकर भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजदीप मंसारे निवासी बड़वानी और सुनील सोलंकी निवासी बड़वानी बताए. आरोपियों ने कबूल किया कि वे जल्दी पैसा कमाने के लिए सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचते थे. पुलिस ने उनके कब्जे से 7.270 किलो गांजा अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 70 हजार रुपए और एक मोटरसाइकिल जब्त की है. मामले में अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार आरोपी राजदीप मंसारे आदतन अपराधी है और वर्ष 2022 में पलासिया थाना क्षेत्र में हुए एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है. वर्तमान में वह जमानत पर था, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

तेजधार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार-इंदौर. राजेंद्र नगर पुलिस ने देर रात चौईथराम मंडी स्थित हनुमान मंदिर पार्किंग के पास एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया. 25 वर्षीय आरोपी सागर अम्बोरे निवासी भूरी टेकरी, थाना कनाडिया में रहने वाला है, उसके पास से पुलिस ने एक लोहे का तेजधार वाला चाकू बरामद किया है. चाकू की मूठ पर काले रंग का गोल पाइपनुमा हत्था और पीछे की ओर नट कसा हुआ है. पुलिस ने पंचानामे के बाद चाकू जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरु की.

परेशानी ▶ थोक और खेरची व्यापारी हैं चिंतित

# बढ़ती महंगाई से व्यापार में है मंदी



**इंदौर. कुछ वर्षों से व्यापार में मंदी का दौर ख़त्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है जिसका बुरा असर हर वर्ग पर रहा है. जीएसटी के बाद अब विदेशी टेरिफ से व्यापार की स्थिति और भी गिरती जा रही है. केंद्र और राज्य सरकारों को चिंतन कर जल्द ही विकल्प निकालना होगा.**

त्यौहारों पर थोक एवं खेरची व्यापारियों को फुरसत नहीं मिल पाती थी. शहर के आसपास के गांव और दूर दराज़ के छोटे बड़े शहरों से भी व्यापारी खरीद फरोख्त करने शहर के बाज़ारों में पहुचते हैं. हाल ही में देश में राखी का त्योहार निकला है. इस त्यौहार महंगाई ने बहनों का प्यार फीका कर दिया. व्यापार के आंकड़े जानने के लिए जब अलग-अलग व्यापारियों से बात की गई तो स्थिति ही कुछ उल्टी दिखाई दी. राखी पर व्यापार में साठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. पिछले कुछ वर्षों से व्यापार में बड़ी मंदी चलती आ रही थी. कोरानी माहामारी के बाद कई उद्योग बर्बाद हुए और बेरोज़गार लोगों की तंगी चरम पर पहुच गई. जैसे-तैसे व्यापारियों ने अपने आप को संभाला लेकिन बढ़ते जीएसटी से वस्तुओं की कीमतों से महंगाई आसमान पर पहुंच गई. इसका असर शहर और गांव में भी देखने को मिल रहा है. थोक दुकानों पर ग्राहक नहीं है. खेरची व्यापारी छुट पुट सामान बेच कर खर्चे निकाल रहे हैं.

### इनका कहना है...




विदेश वस्तु सस्ती, स्वदेशी महंगी यह गलत है. गांव का किसान और छोटा दुकानदार शरह का व्यापारी सब परेशान हैं. बढ़ते जीएसटी से मंहगाई बढ़ेगी. मज़दूर वर्ग पिसा रहा है. जीएसटी 18 से घट कर पांच प्रतिशत हो.

**- अली भाई बेगवाला, व्यापारी**



पांच वर्षों से व्यापार में मंदी चल रही है. इस बार तो खाली बैठे हैं. गांव के हाट बाज़ार से आने वाले व्यापारियों में बड़ी कमी देखी गई है. व्यापारी परेशान हैं. खर्चे निकालना मुश्किल हो रहा है.

**- मोहम्मद रफीक, कपड़ा व्यापारी**



पिछले वर्ष फिर भी ठीक रहा, लेकिन इस बार तो बहुत ही मंदी रही, जिसके चलते साठ प्रतिशत माल स्टॉक हो गया. ऐसे दौर कभी नहीं देखा गया. सरकार को अपनी पॉलिसी को जीएसटी कंट्रोल करना चाहिए.

**- संजय कुमार, राखी व्यापारी**